कार्यालय :– प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–कार्यकारी निदेशक, बंजर भूमि विकास बोर्ड, झारखण्ड, राँची।

पत्रांकः– 143 दिनांकः– 24.2.2020

सेवा में,

अपर मुख्य सचिव,
वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग,
झारखण्ड सरकार, राँची।

विषय :– **गिरिडीह जिलान्तर्गत मौजा–खापेबेरा, पीरटांड़ में 33/11 के0वी0 सब–स्टेशन निर्माण हेतु प्रस्ताव संख्या–FP/JH/VELEC/34134/2018 कुल–0.5139 हे0 वनभूमि अपयोजन प्रस्ताव के संबंध में।**

प्रसंग :– **वन विभागीय पत्रांक 3533 दिनांक 12.09.2019**

महाशय,

प्रांसगिक पत्र के संबंध में सूचित करना है कि विषयगत परियोजना **FP/JH/VELEC/34134/2018 33/11** K.V सब–स्टेशन निर्माण हेतु कुल 0.5139 हे0 मात्र अधिसूचित वनभूमि अपयोजन का प्रस्ताव पर कुल 2 बिन्दुओं पर पृच्छा की गई है। पृच्छा का निराकरण प्रतिवेदन वन संरक्षक, प्रादेशिक अंचल, गिरिडीह के पत्रांक 33 दिनांक 07..01.2020 एवं प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन्य प्राणी एवं मुख्य वन प्राणी प्रतिपालक, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 1927 दिनांक 30.09.2019 द्वारा अनुपालन प्रतिवेदन इस कार्यालय में प्राप्त हुआ है। वन संरक्षक, प्रादेशिक अंचल, गिरिडीह एवं प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन्य प्राणी एवं मुख्य वन प्राणी प्रतिपालक, झारखण्ड, राँची के प्रतिवेदनानुसार विभाग द्वारा पृच्छित बिन्दुओं के निराकरण निम्नवत् प्रतिवेदित है :–

क्रमांक	पृच्छाएँ	निराकरण
1	FRA के तहत प्रमाण–पत्र (इस क्रम में हुई बैठकों की कार्यवाही के साथ)	FRA, 2006 के तहत उपायुक्त गिरिडीह के पत्रांक 2162 दिनांक 26.11.2018 एवं पत्रांक 1113 दिनांक 06.07.2019 द्वारा निर्गत प्रमाण–पत्र (इस क्रम में हुई बैठकों की कार्यवाही के साथ) इस पत्र के साथ संलग्न है। **अनु0–1**
2	CWLW का मंतव्य	प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन्य प्राणी एवं मुख्य वन प्राणी प्रतिपालक, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 1971 दिनांक09.10.2019 द्वारा सूचित किया गया है कि उनके पत्रांक 1927 दिनांक 30.09.2019 द्वारा मंतव्य भवदीय को भेज दी गई है। सुलभ संकेत हेतु दोनों पत्रों की छाया प्रति इस पत्र के साथ संलग्न है। **अनु0–2**

अनुपालन प्रतिवेदन की दो प्रतियाँ इस पत्र के साथ संलग्न कर भेजते हुए अनुरोध है कि इस परियोजना हेतु कुल 0.5139 हे0 वनभूमि के अपयोजन हेतु स्टेज–I प्राप्ति की दिशा में अग्रतर कार्रवाई करने की कृपा की जाय। प्रधान मुख्य वन संरक्षक, झारखण्ड, राँची से संचिका पर अनुमोदन प्राप्त कर लिया गया है।

अनु0:–यथोक्त।

विश्वासभाजन

(हस्ताक्षर) 24.2.2020

प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–कार्यकारी निदेशक
बंजर भूमि विकास बोर्ड, झारखण्ड, राँची।

H:\Vikash\Kaimuddin Sir\गिरिडीह जिलान्तर्गत मौजा-खापेबेरा, पीरटांड 33 11 के0वी0 सब-स्टेशन 0.5139 हे0.docx